भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1283

जिसका उत्तर दिनांक 14.12.2023 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा साझेदारी

1283 श्री विजय पाल सिंह तोमर :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश भर में परमाणु ऊर्जा के नवीन उपयोग के विषय में अनुसंधान और अधिगम के लिए कितने नए अनुसंधान केंद्र और विकास क्षेत्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या देश भर में वैश्विक प्रतिष्ठानों के साथ कई परमाणु ऊर्जा साझेदारियां स्थापित की गई हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :</u>

(क) परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा परमाणु ऊर्जा के अभिनव उपयोग के बारे में अनुसंधान और अध्ययन के लिए देश भर में दो नए अनुसंधान केंद्रों की स्थापना की गई है, नामतः i) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश ii) विकिरण चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी), कोलकाता, पश्चिम बंगाल।

(ख) व (ग) परमाणु ऊर्जा विभाग के तत्वावधान में छठी अनुसंधान और विकास इकाई के रूप में हरियाणा राज्य में भारत सरकार की स्थापना वैश्विक नाभिकीय ऊर्जा साझेदारी केंद्र (जीसीएनईपी) ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) सहित 14 अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

* * * * *